बुरहानपुर बना देश का पहला ‘हर घर जल’ सर्टिफाइड ज़िला

चर्चा में क्यों?

22 जुलाई, 2022 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जल जीवन मिशन से हर घर में नल से शुद्ध पेयजल पहुँचाने की अभूतपूर्व और गौरवपूर्ण उपलब्धि प्राप्त करते हुए बुरहानपुर ज़िला देश का पहला ‘हर घर जल’ सर्टिफाइड ज़िला बन गया है।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन में अब तक प्रदेश के 51 लाख 15 हज़ार से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है।
- बुरहानपुर ज़िले के समस्त 254 ग्रामों में ‘हर घर जल’योजना से पानी पहुँचाया जा रहा है। ये ग्राम ‘हर घर जल’प्रमाणित हुए हैं।
- गौरतलब है कि वर्ष 2019 में लॉन्च किया गया ‘जल जीवन मिशन’वर्ष 2024 तक ‘कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन’**(FHTC)** के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर पानी की आपूर्ति की परिकल्पना करता है।
- ‘जल शक्ति मंत्रालय’के अंतर्गत आने वाले इस मिशन का उद्देश्य जल को आंदोलन के रूप में विकसित करना है, ताकि इसे लोगों की प्राथमिकता बनाया जा सके।
- वित्तीय वर्ष 2021-22 के केंद्रीय बजट में सतत् विकास लक्ष्य-**6 (SDG–6)** के अनुसार, सभी शहरों में कार्यात्मक नल के माध्यम से घरों में पानी आपूर्ति की सार्वभौमिक कवरेज प्रदान करने हेतु केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत जल जीवन मिशन (शहरी) योजना की घोषणा की गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/burhanpur-becomes-country-s-first-har-ghar-jal-certified-district